उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19सी, तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

पत्र संख्या: पीआरपीबी–1–मृ0आ0(SICP)/20232023(43पद)– ।।। दिनांक: नवम्बर 22, 2024

सूचना/विज्ञप्ति

सेवाकाल में मृत पुलिस कर्मियों के आश्रितों को मृतक आश्रित के अन्तर्गत उपनिरीक्षक ना0पु0 के पद पर सेवायोजन हेतु लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के सम्बन्ध में।

बोर्ड की सम संख्यक विज्ञप्ति 18.11.2024 द्वारा सेवाकाल में मृत पुलिस कर्मियों के आश्रितों को मृतक आश्रित के अन्तर्गत उपनिरीक्षक ना0पु0 के पद पर सेवायोजन हेतु रिक्त 43 पदों के सापेक्ष लिखित परीक्षा हेतु पात्र/शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल 247 अभ्यर्थियों की सूची प्रदर्शित की जा चुकी है। शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल 247 अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा दिनांक 12.12.2024 को "उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, शिविर कार्यालय, सेक्टर–डी, अलीगंज, लखनऊ" में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक आयोजित की जायेगी।

2– लिखित परीक्षा 400 अंकों की होगी। प्रश्नपत्र में चार भाग होंगे प्रत्येक भाग में 40 प्रश्न होंगे इस प्रकार प्रश्नपत्र में कुल 160 प्रश्न होंगे प्रत्येक प्रश्न 2.5 अंक का होगा। परीक्षा हेतु 02:00 घण्टे का समय निर्धारित है। प्रश्नपत्र में Negative Marking नहीं होगी। व्हाइटनर या ब्लेड का प्रयोग वर्जित होगा। यदि प्रश्नपत्र का कोई प्रश्न निरस्त होता है तो ऐसी स्थिति में प्रकरण में रिट याचिका संख्या–2669/2009 (एम0बी0) पवन कुमार अग्रहरि बनाम उ0प्र0 लोक सेवा आयोग व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के अनुसार निस्तारण किया जायेगा।

3– शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल/लिखित परीक्षा हेतु पात्र 247 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट **https://uppbpb.gov.in/** पर दिनांक 25.11.2024 को सायं 05:00 बजे से उपलब्ध होगे। पात्र अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर क्लिक कर पूर्व प्रदर्शित सूची के अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा का अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि अंकित कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर संबंधित प्रस्तावक जनपद/इकाई के कार्यालयाध्यक्ष/सक्षम प्राधिकारीके समक्ष प्रस्तुत होकर फोटोग्राफ को समुहर सत्यापित कराकर लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि पर प्रवेश पत्र में दिये गये परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र एवं मूल आधार कार्ड के साथ प्रातः 09:00 बजे उपस्थित होंगे।

4– अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वह प्रवेश पत्र में अंकित महत्वपूर्ण निर्देशों का भली भाँति अध्ययन कर उनका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। यह भी सूच्य है कि लिखित परीक्षा के लिये निर्धारित तिथि एवं समय पर अनुपस्थित हो जाने वाले अभ्यर्थी दूसरे अवसर के पात्र नहीं होंगे।

5– अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे बोर्ड की वेबसाइट **https://uppbpb.gov.in/** का अवलोकन करते रहें।

22.11.2024

अपर सचिव, प्रोन्नति
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।